## एक नजर में

### 50 वें प्राकट्य दिवस पर विशाल प्रभात फेरी, हरे माधव सत्संग एवं आम भंडारा 18 दिसम्बर को

हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति शाखा खंडवा का आयोजन

**खंडवा।** हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति, माधव नगर कटनी शाखा खंडवा, हरे माधव रूहानी बाल संस्कार शाखा, हरे माधव यूथ टीम शाखा के तत्वावधान में जीवनमुक्त हरिराया सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब के 50 वें प्राकट्य दिवस के शुभ अवसर पर विशाल प्रभात फेरी, हरे माधव वृक्षारोपण, हरे माधव सत्संग एवं विशाल आम भंडारा प्रसादी का भी आयोजन होगा। यह जानकारी देते हुए सत्संग समिति प्रमुख महेश फतवानी एवं प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि महोत्सव पर माधवनगर कटनी सहित संपूर्ण भारतवर्ष में स्थित हरे माधव शाखाओं में वृहद वृक्षारोपण किया गया। गुरूवार 18 दिसम्बर प्रात: 7 बजे सुमेर नगर रोड़ पर अपने गुरूवर एवं माँ की स्मृति को चिरंकाल तक बनाया रखने के लिये हरे माधव वृक्षारोपण के दौरान हरे माधव का मंगल जयघोष करते हुए पौधारोपण कर हर पौधा सतगुरु प्रेम, सेवा भाव एकता के जीवन्त उदाहरण के रूप में धरती की गोद में प्रतिष्ठित किया जायेगा। तत्पश्चात एक विशाल प्रभात फेरी शोभायात्रा के रूप में सलामतराय नगर, सुमेर नगर रोड़, तुलसी विहार कॉलोनी के ठीक सामने, सत्संग स्थल से प्रारंभ होकर रमा कालोनी स्थित श्री साईं मंदिर से घूमते हुए सिंधी कॉलोनी, टैगोर कॉलोनी के विभिन्न मार्गों से निकाली जाकर सिंधी कॉलोनी स्थित धर्मशाला बगीचा ग्राउंड पर संपन्न होगी। प्रभात फेरी का श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत भी किया जाएगा। वही सिंधी कॉलोनी स्थित धर्मशाला बगीचा ग्राउंड पर शाम 6 :30 से रात्रि 8 बजे तक एलईडी व्दारा हरिराया बाबा सतगुरु ईश्वरशाह साहिब जी की बाल सुलभ मंजूल लीलाओं को दिखाया जायेगा एवं उपस्थित सभी संगत व्दारा हरिराया बाबाजी की आरती भी की जायेगी। साथ ही हरे माधव सत्संग प्रवचनों का संगीतमय आयोजन हरिराया सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी के अपार दया मेहर से खंडवा के कृपापात्र सेवकों व्दारा किया जायेगा। समापन पर प्राकट्य दिवस का केक काटकर 8 :30 बजे से विशाल आम भंडारे में प्रसादी का वितरण होगा। सभी धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं से सत्संग समिति के समस्त सदस्यों द्वारा अपील की गई है कि आयोजन में सपरिवार समय पर उपस्थित होकर अपना मानव जीवन सफल बनाएं।

### गर्भावस्था में सिकल सेल जाँच हेतु संभाग स्तरीय प्रशिक्षण




**खण्डवा।** नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह जिला अस्पताल खंडवा के ए ब्लॉक तृतीय तल स्थित मीटिंग हॉल में बुधवार को गर्भावस्था में सिकल सेल रोगी की जाँच एवं प्रबंधन पर संभाग स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन डॉ. निशा पवार, विभागाध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिला चिकित्सालय खण्डवा एवं जिला खरगोन से उपस्थित स्नातकोत्तर स्वास्थ्य अधिकारियों को सिकल सेल रोग के गर्भावस्था संबंधी प्रबंधन, जोखिम, पहचान उपचार पद्धतियां, काउंसलिंग तथा रेफरल सिस्टम प्रोटोकॉल संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में स्त्री रोग विभाग अध्यक्ष डॉ. निशा पवार के अलावा सह प्राध्यापक जनरल मेडिसिन विभाग डॉ. मोहित गर्ग, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गरिमा अग्रवाल, डॉ. भावना पटेल, सीनियर रेजिडेंट स्त्री एवं प्रसूति रोग डॉ. रानी निश्चेतना विशेषज्ञ, डॉ. सोनू रावत सह प्राध्यापक पैथोलॉजी विभाग, डॉ. कोमल छाबड़ा सहायक प्राध्यापक ने भी जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत, सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, मेडिकल कॉलेज सहायक अधीक्षक डॉ. सुनील बाजोलिया ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया।

### प्रभारी मंत्री लोधी आज खण्डवा आएंगे

**जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करेंगे**

**खण्डवा।** प्रदेश सरकार के पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक व खण्डवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी 13 दिसंबर को खंडवा में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक लेंगे। श्री लोधी प्रदेश सरकार के कार्यकाल के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मीडिया प्रतिनिधियों को सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। श्री लोधी 13 दिसंबर को दोपहर 12 :30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नर्मदा घाटी विकास विभाग, जल संसाधन विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, परिवहन विभाग एवं कृषि विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री श्री लोधी दोपहर 2 बजे स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों को प्रदेश सरकार के कार्यकाल के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे।

### ग्राम कोहदड़ में 16 दिसंबर से श्रीमद् भागवत कथा का होगा आयोजन



**खंडवा।** ग्राम कोहदड़ में श्रीमद् भागवत पुराण कथा का शुभारंभ 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक होने जा रहा है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मंडलेश्वर की सुविख्यात कथा वाचिका सुश्री दीदी चेतना भारती के मुखारविंद से सप्त दिवसीय कथा का वाचन होगा। कथा शुभारंभ के दिन भव्य शोभायात्रा नगर के मुख्यमार्गो से होती हुई कथा पंडाल तक जाएगी। आयोजक ग्रामवासी समिति ने सभी श्रद्धालुओ को कथा में पधारने के लिए भावभरा निमंत्रण दिया है। परिवार, कुटुंब, ग्राम और राष्ट्र के कल्याणार्थ कथा का संकल्प लिया है जिसकी पूर्णाहुति 22 दिसंबर को होगी।

### उप संचालक डॉ. आशीष सक्सेना ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की



**खण्डवा।** उप संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल डॉ. आशीष सक्सेना ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारियों, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारियों, खण्ड चिकित्सा अधिकारियों की बैठक लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने असंचारी रोगों के सम्बंध में फॉलोअप और कंट्रोल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सी.एम. हेल्पलाईन में लंबित आवेदनों के निराकरण की भी समीक्षा की और सभी बी.एम.ओ. को निर्देश दिये कि दर्ज शिकायतें संतुष्टिपूर्वक बंद करवाकर ग्रेडिंग सुधारें। बैठक में डॉ. सक्सेना ने बी.एम.ओ. को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य संस्थाओं व क्षेत्र में नियमित रुप से भ्रमण व निरीक्षण करें। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत, सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.डी. बकोरिया, डॉ. रश्मि कौशल, जिला क्षय अधिकारी डॉ. शक्तिसिंह राठौड़ भी मौजूद थे।

# सारी प्रक्रिया हो गई, तो फिर खंडवा में बटालियन से कैसा गुरेज!

नवभारत न्यूज

**खंडवा। अंग्रेजों के जमाने से जिला मुख्यालय रहा खंडवा अब दो जरूरी मुख्यालयों के लिए तरस रहा है। 100 साल पहले खंडवा जिला मुख्यालय था। अब बटालियन और संभाग दोनों जरूरी हैं। पृष्ठभूमि और जरूरत भी इसी की है। इसके बावजूद वरिष्ठ दो दो कैबिनेट मंत्रियों को इसके लिए विधानसभा में संघर्ष करना पड़ रहा है। खंडवा की सांप्रदायिक पृष्ठभूमि के लिए बटालियन और भौगोलिक स्थिति देखकर संभागीय मुख्यालय यहां जरूरी हो गए हैं।**

समाजसेवी सुनील जैन ने सभी जनप्रतिनिधियों के साथ आईजी और मंत्री श्री शाह को मांग पत्र दिया है, जिसमें वर्षों से वरिष्ठ अवसर और मंत्री मिलकर बटालियन की जरूरत पर फोकस कर रहे हैं। कागजों में जमीन का एलॉटमेंट और जरूरत साफ नजर आ रही है। इन दोनों खंडवा जिले में विकास और सुरक्षा को लेकर दो अहम विषयों पर जिले की जनता की नजर है। खंडवा जिले की शांतिप्रिय जनता प्रदेश सरकार से खंडवा में बटालियन एवं निमाड़ संभाग घोषित होकर मुख्यालय खंडवा में बने इस हेतु प्रयासरत हैं।

### सिमी का गढ़ रहा है खंडवा

खंडवा जिले की सांप्रदायिक पृष्ठभूमि सर्वविदित है। विगत वर्षों में खंडवा शहर में प्रतिबंधित संगठन सिमी की सक्रियता संबंधी तथ्य प्रकाश में आते रहे हैं। वर्ष 2001 से 2013 तक सिमी संबंधी कुल 21 अपराध पंजीबध्द किए जाकर 30 को गिरफ्तार किया गया था।

### सब संसाधन यहां मौजूद

वर्तमान में कोई प्रतिकूल गतिविधि परिलक्षित नहीं हुई है, किंतु सतत जांच एवं अतिरिक्त सतर्कता की निरंतर आवश्यकता रहती है। कोई भी त्यौहार हो जिला और पुलिस प्रशासन सतर्क रहकर बल के माध्यम से ही त्यौहार को सफल मना रहे हैं। चुनाव, जुलूस, पर्व त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था ड्यूटी या निरंतर जारी रहती है।

### इन स्थानों की अनदेखी न करें

जिले में बिजली उत्पादन करने के इंदिरा सागर भगवंत सागर ओंकारेश्वर परियोजना, संत सिंगाजी दादाजी थर्मल पावर के साथ प्रसिद्ध ओंकारेश्वर तीर्थ दादाजी धाम, संत सिंगाजी आश्रम, पर्यटन की दृष्टि से हनुमंतिया टापू, सैलानी टापू और वर्तमान में सिंहस्थ को लेकर ओंकारेश्वर में करोडों रुपए के विकास कार्य किया जा रहे हैं। उज्जैन महाकाल लोक की तरह ओंकारेश्वर तीर्थ में करोड़ों रुपए की विकास योजनाएं चल रही हैं। भारत की सबसे बड़ी 108 फीट आदि शंकराचार्य की प्रतिमा ओंकारेश्वर में विराजमान है, इस दृष्टि से खंडवा में बटालियन खुलना काफी महत्वपूर्ण है।

### जनप्रतिनिधि लगा रहे एड़ी चोटी का जोर

बटालियन को लेकर मंत्री विजयशाह, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे, मांधाता विधायक नारायण पटेल, पंधाना विधायक छाया मोरे, महापौर अमृता अमर यादव द्वारा खंडवा में बटालियन एवं निमाड़ को संभाग बनाने को लेकर को लेकर मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों को मांग पत्र प्रेषित किए गए हैं। शीतकालीन सत्र में खंडवा विधायक कंचन तनवे द्वारा बटालियन को लेकर प्रश्न लगाया गया था उन्होंने विधानसभा में बटालियन की आवश्यकता को लेकर अपनी शानदार प्रस्तुति दी थी जिसका समर्थन संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं जिले के मंत्री विजय शाह द्वारा भी किया गया था।

### विजय शाह बोले बटालियन खंडवा में ही बने

शुक्रवार को खंडवा पहुंचे मध्य प्रदेश शासन के जनजातिय कल्याण मंत्री कुंवर विजय शाह को भी बटालियन संबंधी कागजात देते हुए अनुरोध किया कि बटालियन की स्थापना खंडवा में हो, इस पर मंत्री श्री शाह ने कहा कि खंडवा जिला संवेदनशील है। बटालियन की आवश्यकता खंडवा को है। हमने मुख्यमंत्री के समक्ष बात रखी है, विधानसभा में भी इस मामले पर चर्चा हुई है।

### शिवराज सरकार भेज चुकी है प्रस्ताव

वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री शिवराज जी के कार्यकाल में खंडवा में बटालियन को लेकर सरकार का प्रस्ताव प्रस्ताव हुआ था। जिसके तहत तत्कालीन कलेक्टर अभिषेक सिंह एवं पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन द्वारा उनके प्रयास एवं सर्वे के माध्यम से 2018 में नागचुन के पास सुरगांव निपानी की लगभग 100 एकड़ शासकीय भूमि बटालियन के लिए मध्य प्रदेश पुलिस भोपाल के नाम दर्ज कर दी गई थी। सभी दृष्टि से बटालियन खंडवा में खुलने के मापदंड भी गृह मंत्रालय तक प्रेषित किए गए हैं।

### प्रशासनिक हलचल शुरू



3 दिन पूर्व ही बटालियन की भूमि का अवलोकन करने इंदौर आईजी अनुराग डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा खंडवा पहुंचे थे। पुलिस अधीक्षक मनोज राय और टीम के साथ लगभग आधे घंटे रुक कर भूमि को सभी दृष्टि से देखा था। कोई भी बड़े कार्य के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होती है। सत्ता और संगठन के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी सामूहिक प्रयास करेंगे तो सफलता मिलेगी।

# प्रकृति को पहचानने के लिए जैव विविधता प्रश्नोत्तरी



नवभारत न्यूज

**खंडवा। जैव विविधता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का राज्य स्तरीय आयोजन हुआ। उत्साह के साथ विद्यार्थियों ने भाग लिया।**

विविध जैव विविधता से परिपूर्ण मध्यप्रदेश को विभिन्न प्रजाति के पशु, पक्षी, पौधे, फल, फूल, अन्न आदि के क्षेत्र में विद्यार्थियों को जागरूक एवं प्रेरित किया गया। देशको अधिक समृद्ध करने के उद्देश्य से स्कूली विद्यार्थियों के बीच प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को मध्यप्रदेश जैव विविधता बोर्ड, शिक्षा व वन विभाग के समन्वय से जिला जिलास्तरीय क्विज में प्रथम स्थान प्राप्त शासकीय हाईस्कूल डुल्हार टीम में शामिल अंतिम पटेल, माधुरी चौहान और निर्मला पटेल ने खंडवा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए एक साथ पचपन जिला मुख्यालय पर आयोजित इस प्रदेशस्तरीय ऑनलाइन क्विज में 100 बहुविकल्पी और मल्टीमीडिया आधारित प्रश्नपत्र को हल किया।

जिला वनमंडलाधिकारी राकेश डामोर, समाजसेवी सुनील जैन रमसा प्रभारी संगीता सोनवाने, जिला ईको क्लब प्रभारी संदीप जोशी ने टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भेंट की। इस अवसर पर वनविभाग के अमित मिश्रा, शंकर सिंह चौहान, सूर्यकांत टहनगुनिया और टीम के प्रभारी शिक्षक कैलाश वर्मा भी उपस्थित रहे।

# ओशो जन्मोत्सव पर भव्य ध्यानोत्सव का आयोजन





नवभारत न्यूज

**खंडवा।** समर्थगुरु ध्यान सेवा केंद्र खंडवा में ओशो जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य ध्यानोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ओशो वंदना, शांत ध्वनि ध्यान और ओशो नृत्य-ध्यान से हुई, जिससे पूरा केंद्र सकारात्मक ऊर्जा, मौन और आनंद से भर गया।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि प्रवचन में जिला संयोजक स्वामी तथागत प्रवीण ने ओशो के जीवन-दर्शन, ध्यान पद्धति और समाज में उनकी बढ़ती स्वीकार्यता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ओशो ने जीवन को जागरूकता, प्रेम, स्वतंत्रता और उत्सव के रूप में जीने की प्रेरणा दी। आज समाज में उनकी विचारधारा को तेजी से अपनाया जा रहा है—क्योंकि लोगों को भीतर की शांति, तनाव से मुक्ति और आत्मिक संतुलन की आवश्यकता पहले से अधिक महसूस हो रही है।

उन्होंने बताया कि आधुनिक जीवन की आपाधापी में ओशो का ध्यान विज्ञान युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठजनों और कार्यरत लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। ओशो के अनुसार सुख और आनंद बाहरी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि भीतर की शांति में है, यह संदेश आज लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। सुनील ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन स्वामी आनंद देव ने किया। सक्रिय ध्यान, नादब्रह्म, मौन बैठकी और ओशो प्रवचन की प्रस्तुति ने उपस्थित साधकों को गहरी आंतरिक यात्रा का अनुभव कराया।

इस अवसर पर हर्षा मां, ज्योत्सना मां, रीता मां, प्रज्ञा मां, स्वाति दुबे नरेंद्र सोलंकी सहित अनेक साधक उपस्थित रहे और सभी ने ओशो की वाणी, ध्यान विधियों व जीवन-दर्शन को आत्मसात कर नवीन ऊर्जा का अनुभव किया। कार्यक्रम का समापन केक कटिंग, शांति प्रार्थना और इस संदेश के साथ हुआ प्रेम ही धर्म है, जागरूकता ही मार्ग है, और ध्यान ही मनुष्य का सच्चा उत्सव है।

# जिले में अवैध शराब सहित सट्टा जुआ व आर्म्स एक्ट में कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**खंडवा। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 10 गिरफ्तारी, 01 स्थाई, 49 जमानती वारंट, 80 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।**

जिले के विभिन्न थानों में 34 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 20 प्रकरणों मे 28 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 05 प्रकरणों मे 06 अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 06 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

थाना पदमनगर के आरोपी पंकज उर्फ लल्ला पिता धन्नालाल घुरे जाति हरिजन उम्र 35 साल निवासी रामदेव मंदिर के पीछे संजय नगर खंडवा के कब्जे से एक लोहे का धारदार छुरा जिसकी कुल लम्बाई 32 से.मी. लगभग किमती करीबन 200 रुपये का जप्त किया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 25(1-क्ख)(क्ख) आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना पिपलोद के आरोपी पुनम पिता केशनु कोरकु उम्र 49 साल निवासी ग्राम गोलखेडा के कब्जे से 07 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुवा शराब कीमती 1050/-रूपए की जप्त की गई। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

थाना कोतवाली के आरोपी अजय पिता सदेलाल सोनकर जाति खटीक उम्र 55 साल निवासी पंजाब कालोनी माता चौक खंडवा के कब्जे से चार सट्टा अंक लिखी पर्चिया, एक लीड पेन व नगदी 470 रूपए समक्ष पंचान विधिवत जप्तक किया गया।

थाना मूंदी के आरोपी शिवम पिता गोपाल गौंड उम्र 19 साल निवासी मूंदी के कब्जे से एक लिड पेन, एक कार्बन का टुकडा, सट्टा अंक लिखी पर्ची 02 नग तथा नगदी 400/- रुपए जप्त किये गये। उपरोक्त दोनो आरोपियों के विरुद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

थाना पदमनगर के आरोपीगण 1.गोविन्दा पिता दरबार नायक जाति बंजारा उम्र 32 साल निवासी संजय नगर खंडवा 2. नकुल पिता भागीरथ नायक जाति बंजारा उम्र 26 साल निवासी संजय नगर खंडवा के कब्जे से 52 ताश पत्ते व कुल नगदी 600 रुपए जप्त किये गये। उपरोक्त दोनो आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### वाहन चालकों से 4500/-रुपए वसूले

जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले, तेज गति, बिना एचएस आरपी, बिना वैध बीमा वाले वाहनों तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 09 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 4500/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

**कार्यशाला** — जल संरक्षण के लिए अपने घरों की छतों पर लगवाएं रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

# हमें पानी का अपव्यय रोकना होगा : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** हम पानी का उत्पादन नहीं कर सकते, इसलिए हमें पानी का अपव्यय रोकना होगा और पानी की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हमें पानी बचाना ही होगा। पानी बचाने के लिए सभी अपने अपने घरों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अवश्य लगवाएं। यह अपील कलेक्टर श्री गुप्ता ने शुक्रवार को रायचंद नागड़ा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मिशन अमृत संचय के तहत आयोजित कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से की।

इस अवसर पर कलेक्टर गुप्ता ने 69वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों कु. नारायणी, कपिल, श्रद्धा, राज, जयश्री, दिव्या, सुजल, बरकत, राधू, को सम्मानित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।





कार्यक्रम का संचालन श्री संदीप जोशी ने किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से कहा कि हर वर्ष भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। हमें आज से ही पानी बचाने के लिए विशेष प्रयास करना होंगे। पानी बचाने की दिशा में हम अभी नहीं जागे, तो बहुत देर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हमें पानी बचाने के साथ साथ जल संरक्षण के लिए माहौल भी तैयार करना होगा, तभी अन्य लोग भी हमसे प्रेरित होकर जल संरक्षण के लिए कार्य करेंगे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि जो भी व्यक्ति पानी का अपव्यय करता हुआ दिखे, उसे हमें रोकना व टोकना होगा। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि सबसे पहले वे अपने घरों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवायें और फिर अपने आसपास रहने वाले लोगों को भी उनके घरों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए प्रेरित करें।

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने इस दौरान कहा कि पानी बचाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हम सभी को मिलकर पानी बचाना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे कितनी भी पानी की टंकी बना दें और पाइपलाईन बिछा दें, लेकिन जब तक भू-जल उपलब्धता नहीं है, सब व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि हम जितना पानी खर्च करते हैं, उतना पानी बचाने की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि जिले की हर पक्की छत से वर्षा का पानी भूजल संवर्धन के उपयोग में आए, यह अगले 1 वर्ष में हमें सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि अमृत संचय अभियान के तहत हमें जिले के सभी सरकारी और प्रायवेट मकानों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना है, ताकि वर्षा के पानी की एक-एक बूंद जमीन में समाकर भूजल स्तर को बढ़ाए।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी पी.एस. सोलंकी तथा विद्यालय के प्राचार्य भी मौजूद थे।